प्लाज्मा आधारित विज्ञान को समझा

उदयपुर, (कासं)। गीतांजली इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्निकल स्टडीज उदयपुर (गिट्स) एवं इंस्टिट्यूट ऑफ प्लाज्मा रिसर्च अहमदाबाद के संयुक्त तत्वाधान में गिट्स प्रांगण में 5 दिवसीय प्लाज्मा प्रदर्शनी देखकर विभिन्न स्कूलों से पधारें छात्र-छात्राएं भाव-विभोर हो उठे। यह प्रदर्शनी 15 से 19 अप्रेल तक आयोजित की जायेगी। संस्थान निदेशक डॉ. एन.एस. राठौड ने बताया कि प्लाज्मा प्रदर्शनी में विभिन्न स्कूलों के लगभग 1 हजार से ज्यादा छात्र-छात्राओं ने प्लाज्मा प्रदर्शनी में भाग लेकर प्लाज्मा आधारित विज्ञान को समझा और इंस्टिट्यूट ऑफ प्लाज्मा रिसर्च अहमदाबाद से पधारे 7 वैज्ञानिकों के साथ सम्वाद स्थापित किया। इस संवाद में स्कूल के छात्र-छात्राओं ने प्लाज्मा के विभिन्न अनुप्रयोगों जैसे लाइटिंग डिस्चार्ज, स्पेस टेक्नोलॉजी, सेमी कन्डक्टर, इलेक्ट्रिक सिटी जनरेशन सरफेस मॉडिफिकेशन, सुपर कन्डक्टर, कम्प्यूटर चिप्स को बनाने की विधि का प्रेक्टिकल अनुभव प्राप्त किया। इस अवसर पर 100 से ज्यादा विज्ञान के अध्यापकों व स्कूल प्रिंसीपल के साथ संगोष्ठी की गई। संगोष्ठी का उद्देश्य स्कूल स्तर पर चल रहे पाठ्यक्रमों में प्लाज्मा व अनुप्रयोगों से विद्यार्थियों को लाभान्वित करना था। प्रदर्शनी में पधारे प्रमुख स्कूल एम.डी.एस. उदयपुर, द स्टडी उदयपुर, सेन्ट पेट्रिक स्कूल उदयपुर, जवाहर लाल नेहरू नवोदय विद्यालय, मावली, सेन्ट मेथ्यु स्कूल उदयपुर प्रमुख हैं।

बिजौलियां में सेंड स्टोन की निर्धारित दर से अधिक रॉयल्टी वसूली पर आक्रोश भड़का

खान व्यापारियों ने तहसीलदार और बिजौलिया खान अभियंता कार्यालय में ज्ञापन दिया।

- गत वर्ष रॉयल्टी संग्रह का ठेका 43 करोड़ रुपए था और इस वर्ष 53 करोड़ रुपए के लगभग है

मांडलगढ़, (निस)। बिजौलिया के ऊपरमाल क्षेत्र में सेंडस्टोन पर 12 अप्रैल से नए ठेकेदार से चैकपोस्ट और नाके लगाकर रॉयल्टी वसूली शुरू कर दी है। रॉयल्टी संग्रहण ठेकेदार द्वारा सरकार की निर्धारित दर से अधिक रॉयल्टी वसूल की जा रही है। इस मामले को लेकर क्षेत्र के पत्थर व्यवसाय वर्ग जिसमें खनन ठेकेदार ,पत्थर स्टॉक ठेकेदार, लघु कटिंग मशीन वाले ठेकेदार सभी ने मिलकर विरोध शुरू कर दिया हैं।

आक्रोशित व्यापारियों रॉयल्टी ठेकेदार के खिलाफ मोर्चा खोल कर पूर्ववर्ती रॉयल्टी वसूलने की माँग पर अड़े हैं। बिजौलिया तहसीलदार इमरान खान और बिजौलिया खान अभियंता कार्यालय में सोमवार को आक्रोशित सेंड स्टोन व्यापारियों ने ज्ञापन देकर रॉयल्टी संवेदक के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। ज्ञापन की कॉपी सरकार के मुख्य सचिव, खान सचिव जयपुर और खान निर्देशक उदयपुर और भीलवाड़ा जिला कलेक्टर को भी मेल द्वारा भिजवाई गई है।

पत्थर व्यवसाय वर्ग ने आरोप लगाया कि नए रॉयल्टी ठेकेदार द्वारा निर्धारित दर से अधिक अवैध रूप से रॉयल्टी वसूल की जा रही है। रॉयल्टी नाकों पर नियम विरुद्ध काम हो रहा है और रॉयल्टी वसूली कार्मिक गाली-गलौज करते है। कई पर्चियों पर वसूली गई राशि भी नहीं लिखी जाती है। जिसकी प्रति खनि अभियंता कार्यालय बिजौलिया और तहसीलदार विजयलों को भी प्रस्तुत की गई हैं।

खनिज व्यवसाय से जुड़े लोगों का आरोप है कि नए ठेकेदार द्वारा रॉयल्टी नाको रॉयल्टी वसूली रेट लिस्ट का बोर्ड नहीं लगा रखा है और न ही रॉयल्टी कर्मचारीयों के पास खान विभाग द्वारा जारी परिचय पत्र है। ओर पुलिस वेरिफिकेशन भी नहीं हैं। ज्ञापन देने में नरोत्तम धाकड़, रमेश धाकड़, राधेश्याम बंजारा, ऊपरमाल सेंडस्टोन एवं डेवलपमेंट सोसायटी अध्यक्ष अनिल जैन, पारस जैन, महेंद्र जैन, अनिल नागौरी, अर्जुन धाकड़, मांगीलाल धाकड़ ,मुकेश धाकड़ सहित काफी संख्या में पत्थर व्यवसाय वर्ग मौजूद था।

खनिज विभाग के सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार गत वर्ष रॉयल्टी संग्रह का ठेका 43 करोड़ रुपए था और इस वर्ष 53 करोड़ रुपए के लगभग है। वहीं खनिज विभाग द्वारा पट्टी, फर्शी पर 110, मशीन कटिंग स्टोन 240 और खंडा पत्थर पर 35 रुपए प्रति टन रॉयल्टी निर्धारित की हुई है। सबसे बड़ी बात यह है कि कोरोना काल के बाद से सेंडस्टोन व्यवसाय मंदी के दौर से गुजर रहा है, सेंडस्टोन एक्सपोर्ट नहीं हो रहा है, वहीं लोकल मार्केट में भी मंदी चली आ रही है। और ऊपर से अधिक रॉयल्टी वसूली से क्षेत्र के पत्थर व्यापारी काफी परेशान है।

उक्त मामले में खनि कार्यदेशक गिरिराज मीणा का कहना है कि सेंडस्टोन व्यापारियों का ज्ञापन आया है और उच्चाधिकारियों को भेज कर नियमानुसार जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

बिजौलिया तहसीलदार इमरान खान का कहना है कि जिला कलेक्टर भीलवाड़ा को व्यापारियों की समस्या की स्थिति से अवगत कराया जाएगा। पत्थर व्यवसाय सुनील जैन, सुनील धाकड़, शंकर धाकड़, संजीव जैन, बनवारी लाल शर्मा का कहना है कि अधिक रॉयल्टी वसूली पर ठेकेदार के खिलाफ कार्रवाई न होने पर पूरे क्षेत्र में खनन की लोडिंग बंद की जाएगी।

शिवा कार्पोरेशन लिमिटेड ठेकेदार के प्रभारी राजेश का कहना है कि खनिज विभाग से जारी रॉयल्टी दर से नियमानुसार रॉयल्टी ली जा रही है।अधिक रॉयल्टी वसूली के आरोप निराधार हैं।

सार-समाचार

पुलिस पर्यवेक्षक ने निरीक्षण किया

नागौर, (निसं)। लोकसभा आम चुनाव 2024 के राजसमंद संसदीय क्षेत्र (द्वितीय चरण)में 26 अप्रैल को मतदान एवं कानून व्यवस्था सम्बंधित तैयारियों का निरीक्षण करने सोमवार को पुलिस पर्यवेक्षक प्रमोद कुमार मंडल मेड़ता पहुंचे। मंडल ने अधिकारियों की बैठक लेते हुए कानून व सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा की और शांति पूर्ण चुनाव सम्पन्न करवाने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। तत्पश्चात राजकीय महाविद्यालय मेड़ता का निरीक्षण कर ईवीएम,मतदान दलों की रवानगी व संग्रहण सम्बंधित व्यवस्थाओं की जानकारी ली। इस अवसर पर सहायक रिटर्निंग अधिकारी पूनम, तहसीलदार रामसिंह गुर्जर, पुलिस उपाधीक्षक पिन्टु सिंह सहित निर्वाचन शाखा के कार्मिक उपस्थित रहे।

पदाधिकारियों ने की सहयोग की मांग

अजमेर, (कासं)। क्लॉक टावर थाना परिसर में पान दरीबा के पास स्थित लक्ष्मी मार्केट के तीन मंजिला मार्केट कॉम्प्लेक्स में हुए अग्निकांड से अनेक व्यापारियों को बहुत अधिक आर्थिक एवं मानसिक क्षति व नुकसान हुआ है। आग इतनी विकराल थी कि तीसरे दिन रविवार को भी कॉम्प्लेक्स में किसी व्यापारी को अपने प्रतिष्ठान में जाने की जिला प्रशासन के द्वारा अनुमति प्रदान नहीं की गई।श्री अजमेर व्यापारिक महासंघ के उपाध्यक्ष और अजमेर जिला केमिस्ट ऐसोसिएशन के अध्यक्ष राजेन्द्र कुमार मूरजानी एवं महासंघ के महासचिव रमेश लालवानी ने बताया कि पीड़ित दुकानदार उनको हुई क्षति का ब्यौरा देने की स्थिति में ही नही है।महासंघ के उपाध्यक्ष व अजमेर जिला केमिस्ट ऐसोसिएशन के अध्यक्ष राजेन्द्र मूरजानी ने बताया कि इस क्षेत्र में विमला मार्केट,रायल काम्प्लेकस,मयूर मार्केट,पंकज बाजार सहित अन्य विशाल होल सेल में दवा विक्रेताओ के गोदाम,स्टोर एवं काउंटर है।जिसमे सं प्रतिदिन करोडो रूपये की दवाओ की विक्रय किया जाता है।आग लने के कारण तीन दिनो तक विद्युत विच्छेद कर दिये जाने से फ्रीजो में रखी दवाऐ स्वतः ही रखी रखी खराब हो गई जो कि करोडो रूपये का नुक्सान है। मूरजानी व लालवानी ने बताया कि इसी बाजार में अंडरगारमेंट्स की होलसेल की दुकाने भी है।बेसमेंट में होजरी, की दुकान प्रथम एवं द्वितीय तल पर रेडिमेड का व्यवसाय है। लक्ष्मी मार्केट कॉम्प्लेक्स में ऑप्टिकल चश्में की दुकान, वातानूकुलित, एसी, रेफरीजरेटर फ्रिज, सोडा में गेस भरने की मशीन आदि में इस्तेमाल की जाने वाली गैस का गोदाम भी इसी बाजार में हैं।पीड़ित व्यापारियों को करोडो रूपये की क्षति होने का अनुमान है। क्षेत्र के ही मेडिकल स्टोर के संचालक जीतेश पटेल का कहना है कि अकेले उसे करीब 2 करोड़ की क्षति होने का अनुमान है।उन्होने बताया कि दवाओ की वैद्यता बनाये रखने के लिए 30 से 35 डिग्री तापमान मेंटेन करना होता है।नगर निगम ने कांप्लेक्स में प्रवेश पर पूरी तरह से रोक लगा दी है। पीडब्ल्यूडी के इंजीनियर कॉम्पलेक्स की मजबूती की जांच करेंगे।

नथ लूट के तीन आरोपी गिरफ्तार

अजमेर, (कासं)। जिले के किशनगढ़ उपखंड के मदनगंज थाना क्षेत्र में बुजुर्ग महिला से हुई नथ लूट के मामले का सोमवार को जिला पुलिस अधीक्षक ने खुलासा किया। पुलिस ने मामले में तीन आरोपियों सहित एक सुनार को भी गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से वारदात में इस्तेमाल की गई मोटर साइकिल भी बरामद की है। पुलिस पूछताछ में आरोपियों ने नथ लूट की चार वारदात करना कबूली है। पुलिस तीनों आरोपियों को रिमांड पर लेकर पूछताछ में जुटी है, अन्य वारदात खुलने की संभावना जताई है। जिला पुलिस अधीक्षक देवेंद्र कुमार विश्नोई ने सोमवार को नथ लूट के मामले का खुलासा किया। एसपी विश्नोई ने मीडिया को बताया कि मदनगंज थाने में परिवादी भागचन्द चौधरी पुत्र स्व. भंवरलाल निवासी मैन रोड सांवतसर तेजाजी मन्दिर के पास मदनगंज ने लिखित रिपोर्ट दर्ज कराई थी जिसमें बताया कि 17.12.2023 को दोपहर करीब साढ़े बारह अपनी नानी सुगनी देवी पत्नी स्व. सूरजकरण निवासी काकनियास को निवास स्थान सांवतसर से उनके गांव जाने के लिए पुरानी मिल मुर्दागली सांवतसर छोड़ कर आया था। नानी नजदीक ही एक दुकान के बाहर बैठी हुई थी, तभी दो लडके मोटर साइकिल पर आए और एक युवक ने नानी द्वारा पहनी बाली (नथ) को झपट्टा मारकर तोडकर मोटर साइकिल पर फरार हो गए। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी थी।

भाजपा महिला मोर्चा सम्मेलन 16 को

भीलवाड़ा, (निसं)। लोकसभा चुनाव को लेकर भाजपा महिला मोर्चा द्वारा विशाल जिला कार्यकर्ता सम्मेलन 16 अप्रैल को साय 5 बजे भाजपा जिला कार्यालय पर आयोजित किया जाएगा जिसमें भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष रक्षा भंडारी मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित करेंगी। भाजपा जिला मीडिया प्रभारी महावीर समदानी ने जानकारी देते हुए बताया कि इस अवसर पर सिंपल वैष्णव महिला मोर्चा जिला प्रभारी, पिंकी मान्डावत संभाग प्रभारी, बरजी देवी भील जिला प्रमुख, मंजू पालीवाल जिलाध्यक्ष महिला मोर्चा, मंजू चेचानी महिला मोर्चा जिला संयोजक के साथ-साथ जिले की सभी विधानसभाओं से महिला मोर्चा पदाधिकारी ,पूर्व व वर्तमान जनप्रतिनिधि एवं महिला मोर्चा कार्यकर्ता सम्मिलित होंगे।

अफीम व एक जिंदा कारतूस जब्त, एक गिरफ्तार

भीलवाड़ा, (निसं)। शहर के सदर थाना इलाके के सुवाणा गांव में स्थित एक मकान पर दबिश देकर पुलिस ने अफीम व एक जिंदा कारतूस जब्त कर मकान मालिक (गृहस्वामी) को गिरफ्तार किया है। सदर थाना पुलिस के अनुसार, आईपीएस (प्रोबेशनर) व सदर थाना प्रभारी उषा यादव को मुखबिर से सूचना मिली कि सुवाणा निवासी बद्रीलाल जाट के घर में अवैध मादक पदार्थ छुपा रखा है।

इस सूचना पर यादव मय जाब्ते के सुवाणा पहुंची और बद्रीलाल जाट के बारे में जानकारी कि तो पता चला कि बद्रीलाल जाट अफीम का सेवन करता है एवं विक्रय भी करता है। जाट के घर के बाहर पहुंची आईपीएस को बाहर दो छोटे बच्चे मिले। इन बच्चों से उनका नाम और मकान के बारे में पूछा तो उन्होंने यह मकान उनके पिता बद्रीलाल जाट का बताया। बद्री लाल के बारे में बच्चों ने बताया कि वे बाहर गये हैं। मां लाडदेवी खेत पर गई है। इसके बाद लाडदेवी को खेत से घर बुलाकर लाया गया। लाडदेवी से उसके पति को घर बुलाने के लिए कहा। उसने आस-पड़ौस से संपर्क कर पति बद्रीलाल जाट को बुलाया। बद्रीलाल घर आया तो उससे आईपीएस ने पूछताछ की। उसने खुद को बद्रीलाल (38) पुत्र हीरालाल जाट बताया। इसके बाद आईपीएस यादव ने नियमानुसार मकान की तलाशी ली। रसोईघर में दो प्लास्टिक थैलियां जो धागे से बंधी थी, इनके पास ही तीन थैलियां और मिली, जिनका उपयोग अफीम के लिए किया हुआ था।

ज़िला कलेक्टर ने किया सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का औचक निरीक्षण

जिला कलेक्टर राजेन्द्र सिंह शेखावत ने चिकित्सालय की जांच की।

शाहपुरा, (निसं)। जिलेवासियो को समय पर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध करवाने तथा मरिजो के रोग की जाँच व उपचार में किसी भी प्रकार की देरी ना होने देने के उद्देश्य से जिला कलक्टर राजेंद्र सिंह शेखावत ने सोमवार को बनेडा के राजकीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का औचक निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान जिला कलेक्टर शेखावत ने सफ़ाई व्यवस्था दुरुस्त ना होने पर नाराज़गी जतायी तथा सीएचसी में स्वच्छता का अभाव पाये जाने पर वहाँ मौजूद संबंधित कर्मचारियों को सीएचसी में पूर्णतःस्वच्छता सुनिश्चित करने को लेकर दिशा निर्देश प्रदान किए। जिला कलक्टर ने अस्पताल में मरीजों से संवाद कर उनकी कुशलक्षेम पूछी तथा अस्पताल में दिए जा रहे उपचार संबंधी फीडबैक लिया।

नोटिस जारी

उदयपुर, (कासं)। मतदान दलों के पीठासीन व मतदान अधिकारियों के द्वितीय प्रशिक्षण माणिक्य लाल वर्मा श्रमजीवी महाविद्यालय एवं राजकीय फतह उच्च माध्यमिक विद्यालय में शुरू हुआ। जिला निर्वाचन अधिकारी अरविन्द कुमार पोसवाल के निर्देशानुसार दोनो प्रशिक्षण केन्द्रों का निरीक्षण प्रभारी अधिकारी, कार्मिक प्रकोष्ठ कीर्ति राठौड एवं सहायक प्रभारी अधिकारी डॉ. मजहर हुसैन एवं चन्द्रवीर सिंह चौहान ने किया। प्रभारी अधिकारी कीर्ति राठौड ने बताया कि प्रशिक्षण में विलंब से उपस्थित हुए 15 कार्मिको को कारण बताओ नोटिस जारी किये गये है। उन्होने बताया कि आगे भी प्रशिक्षणो में अनुपस्थित रहने पर कार्मिकों के विरूद्ध लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1950 के अन्तर्गत कार्यवाही प्रस्तावित कर दी जाएगी।

'भाजपा का संकल्प पत्र देश के विकास में निभाएगा महत्वपूर्ण भूमिका'

- देश का विकास और कल्याण ही भारतीय जनता पार्टी का उद्देश्य है

अजमेर, (कासं)। भारतीय जनता पार्टी के अजमेर लोकसभा कार्यालय में पत्रकारो को संबोधित करते हुए होते हुए भाजपा पूर्व प्रदेश अध्यक्ष अरुण चतुर्वेदी ने कहा कि भारत के विकास में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सरकार ने सभी वर्गो को ध्यान में रखा और सभी वर्ग को इसका सीधा लाभ मिल रहा है।

चतुर्वेदी ने पत्रकारों से कहा कि भाजपा का जो संकल्प पत्र है वह सभी वर्गो को ध्यान में रखकर बनाया है। उन्होंने कहा 140 करोड़ भारतीय बढ़ेंगे तो देश बढ़ेगा । देश का विकास और कल्याण ही भारतीय जनता पार्टी का उद्देश्य है। समृद्ध, शिक्षित, सुरक्षित और गतिशील भारत, सुशासन, स्वच्छ भारत, तकनीकी एवं नवाचार ये मोदी सरकार की गारंटी है। उन्होंने संकल्प पत्र का उद्देश्य गरीब, किसान महिला, दिव्यांग, दलित और वंचित वर्ग कहीं छूट ना जाए कि सरकार की योजनाओं का लाभ अधिक से अधिक लोगों को मिले।

चतुर्वेदी ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी प्रतिबद्ध है कि देश में गरीब, किसान, पिछड़ा, दलित और शोषित, महिला, पुरुष, किसान व्यापारी सभी को अधिक से अधिक सरकारी योजनाओं का लाभ मिल सके। उन्होंने कहा कि आज संसार में भारत ने हर क्षेत्र में आगे बढ़कर विश्व में अपना वर्चस्व बनाया है। संसार की तीसरी आर्थिक शक्ति बनने जा रही है। आज भारत विश्व गुरु बनने जा रहा है। हर क्षेत्र में हमारे देश ने उन्नति की है। अब हम गुड गवर्नेस, डिजिटल गवर्नेस और डेटा गवर्नेस के लिए देश में आवश्यक इन्फ्रास्ट्रक्चर्स की मजबूत तैयारी कर रहे है कई क्षेत्रों में हमने इसक पर काम भी किया है। लाइन, पानी बिजली चिकित्सा रोजगारी आदि क्षेत्रों में हमे प्रधानमंत्री की जनपयोगी योजनाओं का लाभ हमें मिल रहा है। महिलाओं के लिए गैस की पाइप लाइन, उज्जवला योजना, गरीब सम्मान निधि, 70 साल से अधिक बुजुर्गो के लिए आयुष्यमान योजना, पशुपालकों और किसानों के लिए, बेरोजगारो के लिए ऋण योजना, पीएम आवास योजना सहित कई योजनाओं का लाभ आज सीधा जनता को मिल रहा है। यह देश की मोदी सरकार ही दे सकती है।

इस दौरान उनके साथ मंच पर पूर्व मंत्री किशन सोनगरा, जिलाध्यक्ष रमेश सोनी, पूर्व महापौर धर्मेंद्र गहलोत, अरविंद यादव,मीडिया प्रवक्ता अनिश मोयल, एकवोकेट रचित कच्छावा, देहात जिला मीडिया संयोजक नेहरू पंडित, मुख्य चुनाव अभिकर्ता एडवोकेट महेन्द्र चौधरी सहित कई भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

ऑनलाइन सत्र का आयोजन

उदयपुर, (कासं)। पेसिफिक इंस्टीट्यूट आफ फायर एंड सेफ्टी मैनेजमेंट तथा गुरुकुल पेसिफिक द्वारा डिजास्टर मैनेजमेंट विषय पर ऑनलाइन सत्र का आयोजन हुआ।

पाहेर विवि के पेसिफिक इंस्टीट्यूट आफ फायर एंड सेफ्टी मैनेजमेंट तथा गुरुकुल पेसिफिक द्वारा डिजास्टर मैनेजमेंट विषय पर ऑनलाइन सत्र आयोजित हुआ । प्रो. हेमन्त कोठारी, डीन पी.जी स्टडिज, पाहेर विवि ने बताया कि इस सत्र के वक्ता श्री अमित शर्मा डिप्टी कंट्रोलर, सिविल डिफेंस, जयपुर राजस्थान तथा विक्टर सतीश डिप्टी जनरल मैनेजर सिक्योरिटी एंड फायर ऑपरेशन, एसएएनएमआर, त्रिची, तमिलनाडु थे। अमित शर्मा ने डिजास्टर मैनेजमेंट के महत्व तथा इसके वर्गीकरण के बारे में बताया।

विक्टर सतीश ने फायर एंड डिजास्टर मैनेजमेंट के बारे में जानकारी दी और हमेशा उसके लिए तैयार रहने के लिए बताया।

लोकसभा चुनाव 2024 के लिए भाजपा का संकल्प पत्र

अजमेर, (कासं)। संकल्प पत्र का उद्देश्य भाजपा का संकल्प पत्र विकसित भारत के 4 मजबूत स्तंभ युवा, नारी, गरीब, किसान को सशक्त करता है। गुड गवर्नेस, डिजिटल गवर्नेस और डेटा गवर्नेस के लिए देश में आवश्यक इन्फ्रास्ट्रक्चर्स तैयार होंगे।

भाजपा सरकार समान नागरिक संहिता (यूसीसी) को लागू करने के लिए संकल्पबद्ध है। गरीबों के लिए मुफ्त राशन योजना 2029 तक देने का वादा।ङ 70 साल से ऊपर के बुजुर्गों को आयुष्मान योजना के तहत 5 लाख रुपए तक का मुफ्त इलाज का वादा। जन औषधि केंद्रो का विस्तार होगा।ङ मुद्रा योजना के तहत लोन की सीमा 20 लाख रुपए की जाएगी। गरीबों को 3 करोड़ घर दिए जाएंगे। एक राष्ट्र, एक चुनाव और एक सामान्य मतदाता सूची प्रणाली शुरू की जाएगी। दिव्यांग जनों को पीएम आवास योजना में प्राथमिकता दी जाएगी हम राष्ट्रीय सहकारिता नीति लेकर आएंगेङ नमो ड्रोन दीदी योजना का विस्तार किया जाएगा। अब तक 01 करोड़ माताओं और बहनों को लखपति दीदी बनाया गया है। आने वाले समय में कुल 03 करोड़ बहनों को लखपति दीदी बनाया जाएगा। पाइप से सस्ती रसोई गैस घर-घर पहुंचाने के लिए तेजी से काम करेंगे

महिला खिलाड़ियों को खेलों में आगे बढ़ने के लिए विशेष प्रोग्राम जनजातीय गौरव दिवस मनाया जाएगा। 2025 में भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती को राष्ट्रीय स्तर पर बढ़ाया जाएगा। जनजातीय विरासत पर अनुसंधान को प्रोत्साहित करेगी। वन उपज स्टार्टअप को बढ़ावा दिया जाएगा। 700 से ज्यादा एकलव्य स्कूलों के निर्माण का लक्ष्य पूरा किया जाएगा। प्राकृतिक खेती पर बल दिया जाएगा। धरती मां की रक्षा के लिए प्राकृतिक खेती पर बल दिया जाएगा। भारत ने रिवोल्यूशनी काम शुरू किया है, और सफलता मिली है। नैनो यूरिया पर जोर दिया जाएगा।

मतदान का संदेश दिया

मसूदा, (निसं) । सहायक रिटर्निंग अधिकारी मसूदा कुलदीप सिंह शेखावत के निर्देशन में आज ब्लॉक मुख्य शिक्षा अधिकारी मसूदा के सानिध्य में राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय नंदवाड़ा मसूद के विद्यार्थियों द्वारा मतदाता जागरूकता रैली का आयोजन किया गया जिसमें विद्यार्थियों ने मतदाताओं को जागरूक करने के संबंध में शपथ ली एवं साथ ही ग्राम के विभिन्न मार्गो से रैली गुजरते हुए ग्रामीणों को मतदान करने के लिए प्रेरित किया।मसूदा के कुशलपुरा ग्राम में बालिकाओं ने मेहंदी प्रतियोगिता से मतदान जागरूकता का संदेश दिया।

सिक्के व सामान चोरी

उदयपुर, (निसं)। शहर के सूरजपोल थाना क्षेत्र में अज्ञात चोर मकान में घुस कर चांदी के सिक्के व सामान चुरा ले गया। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार सूरजपोल थाना क्षेत्र अग्रसेन नगर निवासी कृष्ण कुमार अठावाल पुत्र यशवंत लाल अठावाल के मकान में घुस कर चोर चांदी के 5-7 सिक्के तथा चांदी के 2 गिलास व अन्य सामान चुरा ले गया। रात में सभी मकान में सोए थे। इस दौरान खिडकी की ठाील तोड़ चोर अंदर घुसे व वारदात कर फरार हो गए। दूसरे दिन जाग होने पर वारदात की सूचना मिलने पर पुलिस को सूचना कर प्रकरण दर्ज करवाया।

कानून व शांति व्यवस्था बनाए रखने हेतु कार्यपालक मजिस्ट्रेट नियुक्त

- रामनवमी के अवसर पर जिले में कानून एवं व्यवस्था बनाए रखने तथा सांप्रदायिक सौहार्द बनाए रखने हेतु जिला कलक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट अरुण कुमार पुरोहित ने जिले में कार्यपालक मजिस्ट्रेट नियुक्त किए है, जो संबंधित कार्यक्षेत्र हेतु प्रभारी भी रहेंगे

नागौर, (निसं)। रामनवमी के अवसर पर 17 अप्रैल को जिले में कानून एवं व्यवस्था बनाए रखने तथा सांप्रदायिक सौहार्द बनाए रखने हेतु जिला कलक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट अरुण कुमार पुरोहित ने जिले में कार्यपालक मजिस्ट्रेट नियुक्त किए है, जो संबंधित कार्यक्षेत्र हेतु प्रभारी भी रहेंगे। जिला मजिस्ट्रेट ने आदेश जारी करते हुए बताया कि कार्यपालक मजिस्ट्रेट अपने क्षेत्र में पुलिस वृत उप अधीक्षक के साथ आपसी समन्वय बनाए रखते हुए कानून एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए उत्तरदायी होंगे।

साथ ही वर्तमान में लोकसभा आम चुनाव के मध्यनजर कानून एवं शांति व्यवस्था के मध्यनजर जिले में धारा 144 सीआरपीसी लगाई जाकर निर्देश जारी किए गए हैं, जिनकी पालन भी सुनिश्चित करें। इस दौरान शराब की दुकानों के संचालन हेतु दुकाने निर्धारित अवधि में संचालित करने तथा गश्ती दलों की निगरानी रखना भी सुनिश्चित करें। इसके साथ ही शहरी क्षेत्र में मोबाइल गश्त भी रखें एवं अनावश्यक रात्रिकालीन भीड़ न होने दें। इसके साथ ही त्यौहार पर हुड़दंग करने वाले, धार्मिक उन्माद फैलाने वाले तथा अश्लील प्रदर्शन करने वाले व्यक्तियों के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई अमल में लाने के निर्देश दिए।

इसके तहत उपखंड मजिस्ट्रेट नागौर को नागौर शहर में शोभायात्रा के मध्य, उपखंड मजिस्ट्रेट मूंडवा को नागौर शहर में शोभायात्रा के आगे एवं तहसीलदार नागौर को नागौर शहर में शोभायात्रा के पीछे आवश्यक व्यवस्थाएं संभालने की जिम्मेदारी सौंपी गई है। वहीं नायब तहसीलदार श्रीबालाजी को खत्रीपुरा विद्यालय नंबर 5 का क्षेत्र, नायब तहसीलदार पांचौड़ी को दिल्ली दरवाजा से गांधी चौक का क्षेत्र, नायब तहसीलदार जोधियासी को बख्तासागर सभा स्थल का बायां भाग, नायब तहसीलदार नागौर को बख्तासागर सभा स्थल का दायां भाग की जिम्मेदारी दी गई है। इसी प्रकार तहसीलदार मूंडवा को मूंडवा का संपूर्ण क्षेत्र, तहसीलदार भू-अभिलेख निरीक्षक कुचेरा का संपूर्ण क्षेत्र, उपखंड मजिस्ट्रेट खींवसर को खींवसर का संपूर्ण क्षेत्र, उपखंड मजिस्ट्रेट जायल को जायल का संपूर्ण क्षेत्र, तहसीलदार डेह को तहसील क्षेत्र डेह का संपूर्ण क्षेत्र, तहसीलदार जायल को भू-अभिलेख निरीक्षक रोल का संपूर्ण क्षेत्र, उपखंड मजिस्ट्रेट रियां बड़ी को रियां बड़ी का संपूर्ण क्षेत्र, तहसीलदार रियां बड़ी को भू-अभिलेख निरीक्षक क्षेत्र पादूकलां का संपूर्ण क्षेत्र, उपखंड मजिस्ट्रेट मेड़ता सिटी को मेड़ता शहर एवं अन्य क्षेत्र, तहसीलदार मेड़ता को भू-अभिलेख निरीक्षक क्षेत्र रेण एवं मेड़ता रोड का क्षेत्र तथा उपखंड मजिस्ट्रेट डेगाना को उपखंड क्षेत्र डेगाना का संपूर्ण क्षेत्र तथा तहसीलदार डेगाना को भू-अभिलेख निरीक्षक हरसौर का संपूर्ण क्षेत्र व तहसीलदार सांजू को सांजू तहसील के संपूर्ण क्षेत्र के लिए कार्यपालक मजिस्ट्रेट नियुक्त किए हैं। साथ ही नायब तहसीलदार रियां बड़ी को भू-अभिलेख निरीक्षक क्षेत्र जसनगर का संपूर्ण क्षेत्र, नायब तहसीलदार भैरूंदा को उप तहसील भैरूंदा का संपूर्ण क्षेत्र, नायब तहसीलदार गोटन को उप तहसील गोटन का संपूर्ण क्षेत्र व नायब तहसीलदार मेड़ता को भू-अभिलेख निरीक्षक क्षेत्र गगराना के संपूर्ण क्षेत्र के लिए प्रभारी अधिकारी के रूप में जिम्मेदारी सौंपी गई है।

बाइकों की भिड़ंत में एक की मौत

उदयपुर, (निसं)। ऋषभदेव थाना क्षेत्र हाइवे पर दो बाइकों में आमने-सामने भिड़ंत हो गई। हादसे में एक युवक की मौत हो गई तथा एक युवक घायल हो गया। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार रविवार सांय ऋषभदेव थाना क्षेत्र कागदर राष्ट्रीय राजमार्ग 48 पर दो बाइकों की भिड़ंत में मसारों की आवेरी निवासी मुकेश (25) पुत्र पाथूलाल मीणा व भाउवा निवासी देवीलाल (24) पुत्र भेरा गंभीर घायल हो गए। जिन्हें उपचार के लिए एमबी चिकित्सालय में भर्ती करवाया, जहां मुकेश की मौत हो गई। सूचना मिलने पर हेड कांस्टैबल विनोद कुमार ने मृतक का पोस्टमार्टम करवा शव परिजनों को सौंप दिया। मुकेश अपनी बाइक लेकर कानूवाडा से मसरों की ओवरी की तरफ जा रहा था एवं देवीलाल कागदर से भाउवा की तरफ जा रहा था, जहां बीच रास्ते हादसा हो गया।

जीप पलटी, छह यात्री घायल

उदयपुर, (निसं)। माण्डवा थाना क्षेत्र में अनियंत्रित जीप पलटने से छह यात्री घायल हो गए। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार सोमवार दोपहर में जिले के माण्डवा थाना क्षेत्र में टीलरवा रोड पर अनियंत्रित जीप पलट गई। हादसे में छह यात्री घायल हो गए। इधर सूचना मिलने पर माण्डवा थानाधिकारी प्रवीणसिंह मय जाप्ता ने मौके पर पहुंच कर सभी घायलों को बाहर निकाल कोटडा चिकित्सालय पहुंचाया।

'विकसित और समृद्ध राष्ट्र बनाने के लिए भाजपा को वोट दे'

- अबकी बार 400 पार, राजस्थान में 25 में से 25 सीट जीतेगी भाजपा

अजमेर, (कासं)। भाजपा कार्यालय में आयोजित अधिवक्ता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कानून मंत्री जोगाराम पटेल ने कहा कि मैं आपके परिवार का छोटा सा सदस्य हूं मैं स्वयं नियमित वकील रहा हूँ और सभी अधिवक्ताओं से विकसित भारत की संकल्पना साकार करने के लिए केंद्र में एक बार पुनः भाजपा की सरकार बनाने में आप सबका सहयोग मांगने के लिए आया हूँ।

हम सब मोदीजी के वर्तमान कार्यकाल में तेजी से विकास की ओर बढ़ते भारत को देख रहे हैं। वर्ष 2024 से 2029 तक भारत सम्पूर्ण विश्व में अपनी एक अलग पहचान और सम्मान बनाएगा।

मोदी की एक भारत श्रेष्ठ भारत की संकल्पना को साकार करने, भारत को विश्व के राष्ट्रों में प्रथम पंक्ती में खड़ा करने के लिए, भारत को पुनः अखण्ड भारत की तरफ जोड़ने के लिए आप सभी जागरूक अधिवक्ता भाजपा के पक्ष में मतदान की अपील करें। वकील समाज, राष्ट्र और विश्व पटल पर आरम्भ से ही मार्गदर्शन करता चला आया है। वकील समुदाय से देश को बहुत उम्मीदें हैं। देश के आज़ाद होने के बाद क़ानून के क्षेत्र में मोदी सरकार ने बहुत बड़ा सुधारात्मक और रचनात्मक कार्य देश में कानून को पारदर्शी और सुसंगत बनाने हेतु कार्य किया है। उन्होंने कहा कि यह चुनाव हिंदुस्तान के लिए बहुत महत्वपूर्ण है हिंदुस्तान को विकसित राष्ट्र बनाना है अब अमृतकाल चल रहा है। हमें भारत को विश्व गुरु बनाना है अबकी बार 400 पार के संकल्प के साथ आप मोदी जी और भाजपा की केंद्र में पुनः सरकार बनाने में योगदान दें। हम भारत माता के लिए चुनाव लड़ते हैं। यही हमारा उद्देश्य है। जो भी अधिवक्ता यहां आए हैं मैं उनका दिल से स्वागत करता हूं और उनसे आशा करता हूं कि वह सभी से भाजपा को वोट देने की अपील करें ।लोगों को प्रोत्साहित करें क्योंकि समाज का हर वर्ग वकील से जुड़ा है। एक वकील का सामाजिक दायरा ओर प्रभाव बहुत विशाल होता है। देश के पुनर्निर्माण में उनकी इस चुनाव में बड़ी भूमिका रहेगी।

लोग शिक्षक के बाद में वकील की बात को ही बड़ी गौर से सुनते हैं और उस पर अमल भी करते हैं। उन्होंने कहा कि आप सीधे जनता के पास जाकर भाजपा प्रत्याशी भागीरथ चौधरी के पक्ष मे मतदान करने की अपील करें क्योंकि कांग्रेस के पास अपना ना तो रीजन है और ना विजन है और ना उनके पास प्रधानमंत्री का चेहरा है।

अतिथियों ने दीप प्रज्वलित कर की। इसके बाद मंच पर विराजमान अतिथियों का दुपट्टा और साफा पहनाकर स्वागत किया गया।

पूर्व मंत्री किशन सोनगरा रमेश सोनी और नीरज जैन पूर्व महापौर धर्मेंद्र गहलोत वंदना नोगिया पूर्व उप महापोर संपत सांखला, निधि खंडेलवाल वीरेंद्र गोदारा रूबी फोजदार का दुपट्टा पहन कर स्वागत किया।

कार्यक्रम का संचालन दीपक शर्मा एवं रंजन शर्मा ने किया। कार्यक्रम में शैलेंद्र परमार, अतुल शर्मा सुमन साहू, शुभम नाथ योगी, विक्रम सिह, संजय गुर्जर दिनेश चौधरी, हेमंत जैन राजेंद्र प्रसाद शर्मा, रचित कच्छावा , प्रशांत यादव, दीपक शर्मा, दलजीत राव देवीसिंह भाटी , मंजूनाथ मनोज डीडवाना, देवेंद्र सिंह शेखावत , देवेंद्र गोदारा रंजन शर्मा, अनिल चौधरी कुलदीप सिंह गहलोत, ओम पालड़िया, रामस्वरूप चौधरी, अनिल गहलोत, दुगाप्रसाद शर्मा, गौरव सिंह, सहित कई अधिवक्ता उपस्थित थे।

इस अवसर पर वर्षो से कोंग्रेस में पदाधिकारी रहे पूर्व ब्लॉक उपाध्यक्ष एव साहू समाज अजमेर के सचिव गोपाल साहू, एवं रेवेन्यू बार के तथा पूर्व कोंग्रेस पदाधिकारी एडवोकेट शहाबुद्दीन को विधि मंत्री ने माला एव दुपट्टा पहनाकर भाजपा की सदस्यता ग्रहण करवाई।